नवभारत
Thane Navi Mumbai | 05 August 2026 | Page 2

## सजग : 225 से अधिक विद्यार्थियों की हुई जांच

# थैलेसीमिया जांच शिविर



■ कल्याण, (सं.) बी.के. बिरला कॉलेज, कल्याण के माइक्रोबायोलॉजी विभाग और रोटरी क्लब ऑफ डोंबिवली डायमं के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए थैलेसीमिया जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में 225 से अधिक विद्यार्थियों की जांच की गई. कार्यक्रम में प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. वंदना धकतोड़े, उप प्राचार्या डॉ. मनिंदर कौर, वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट डॉ. माधव बैतुले और विशेषज्ञ डॉ. राजेश कदम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे. शिविर की संयोजक डॉ. धीरज शेखावत ने अतिथियों का स्वागत किया.

### बीमारियों के बारे में मार्गदर्शन

इस अवसर पर विद्यार्थियों को थैलेसीमिया एक आनुवंशिक बीमारी होने और समय रहते इसकी जांच कराने के महत्व की जानकारी दी गई . डॉ. शेखावत ने युवाओं से विवाह पूर्व थैलेसीमिया जांच कराने का आह्वान करते हुए कहा कि समय रहते जांच और उचित सलाह से अगली पीढ़ी को इस बीमारी से बचाने में मदद मिल सकती है . रोटरी क्लब की ओर से विद्यार्थियों को थैलेसीमिया की समस्या और उसके बचाव से संबंधित वीडियो भी दिखाया गया . महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ . नरेश चंद्र और प्राचार्य डॉ . अविनाश पाटिल ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को वर्तमान समय में उपयोगी बताया .